(नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ग्वालियर)
कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम)
मध्य प्रदेश, ऑडिट भवन, ग्वालियर

पत्र क्रमांक/प्रशासन/राजभाषा/नराकास/जावक- 685-746 दिनांक 27/10/2022

प्रति,

कार्यालयाध्यक्ष,
सदस्य कार्यालय,
नराकास, ग्वालियर

विषय- नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2022 के अंतर्गत दिनांक 11/10/2022 को आयोजित "रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता" का कार्यवृत ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2022 के अंतर्गत दिनांक 11/10/2022 को "रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन इस कार्यालय के पंचम तल स्थित सभा कक्ष में किया गया। "रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता" में कुल 09 सदस्य कार्यालयों से 18 अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की तथा 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्वर्णलता गुप्ता, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, हिंदी कक्ष द्वारा किया गया । "रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता" में तीन विजेता यथा प्रथम- श्रीमती तूलिका शर्मा, कार्यालय आकाशवाणी, ग्वालियर; द्वितीय- श्री हरिओम कुमार, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) मध्य प्रदेश, ग्वालियर तथा तृतीय- श्री अंकित गुप्ता, कार्यालय आकाशवाणी, ग्वालियर चुने गये ।

विजेताओं को नराकास, ग्वालियर की आगामी अर्द्धवार्षिक बैठक में पुरस्कृत किया जाएगा।

(सचिव, नराकास के अनुमोदन से जारी)

भवदीय,

संजीव अग्रवाल
वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
हिंदी कक्ष